कार्यालय आदेश

गया जिलान्तर्गत गया—फतेहपुर—गोपी मोड़—मुरली रोड (गया—रजौली रोड SH-70) में ढ़ाढ़र नदी पर निर्माणाधीन उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल निर्माण कार्य संवेदक M/S Baban Kumar Singh, Gaya को एकरारनामा सं0— SBD-16 of 2020-21 द्वारा कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने की तिथि 07.03.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 06.09.2020 था। मुल संवेदक की मृत्यु माह नवम्बर, 2020 में हो जाने के कारणवश उनके आवंटित कार्य को मुल संवेदक के उत्तराधिकारी के नाम से कार्य हस्तान्तरित किया गया। हस्तान्तरण के उपरांत माह फरवरी, 2021 में कार्यदेश निर्गत करते हुए पुनः कार्य प्रारम्भ किया गया। वरीय परियोजना अभियन्ता कार्य प्रमंडल, गया द्वारा विभिन्न पत्रों एवं मौखिक रूप से भी अनेकों बार कार्य की प्रगति में तेजी लाते हुए कार्य पूर्ण करने का निदेश संवेदक को दिया गया, परन्तु संवेदक द्वारा कार्य में अभिरूचि नहीं लिया गया, जबकि संवेदक द्वारा प्रबंध निदेशक महोदय को जनवरी में हीं आश्वासन दिया गया था कि मार्च, 2022 तक नींव कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे। लेकिन संवेदक द्वारा अबतक कुल 92 पाईल में से 34 पाईल मात्र ही किया गया है और कोई पाईल कैप की खुदाई का कार्य भी प्रारंभ नही किया गया है, जिससे प्रतीत होता है कि संवेदक को कार्य पूर्ण करने की इच्छा विल्कुल भी नही है।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल गया का पत्रांक—289 दिनांक—25.03.2022 द्वारा संवेदक को डिवार करने हेतु अनुशंसा किया गया है।

उक्त अनुसंशा के आलोक में संवेदक M/S Baban Kumar Singh, Gaya को कार्य में अभिरूचि नहीं लेने के कारण उपरोक्त कार्य पूर्ण होने तक अगले निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/—
प्रबन्ध निदेशक
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना।

ज्ञापांक—....................../पटना, दिनांक—......................
प्रतिलिपिः— सभी उप मुख्य अभियन्ता/सभी वरीय परियोजना अभियन्ता/वरीय योजना अभियन्ता/वरीय गुण नियंत्रण अभियन्ता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/—
प्रबन्ध निदेशक
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।

ज्ञापांक—....................../पटना, दिनांक—......................
प्रतिलिपिः— संवेदक M/s Baban Kumar Singh, Gaya को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/—
प्रबन्ध निदेशक
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।

ज्ञापांक—2719/पटना, दिनांक—16/06/2022
प्रतिलिपिः— बेवसाईट प्रभारी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

16/6/22
प्रबन्ध निदेशक
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।

2132
16-6-22